# IRIS INTERNATIONAL SCHOOL

**NALASOPARA–EAST CBSE Aff. No. 1131176**

**(We are SCHOOL with very NEW concept)**

**कक्षा : १ - १२** **दिनांक : ०२/०९/२०२६**

## हिंदी सप्ताह उत्सव

आदरणीय अभिभावक,

सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है की हमारे विद्यालय की तरफ से दिनांक १२/०९/२०२६ को हिंदी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर हमारे विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन निम्न प्रकार से किया गया है।

| क्रमांक | दिनांक | गतिविधियाँ | कक्षा | विषय |
|---|---|---|---|---|
| १ | १२/०९/२०२६ | भाषण प्रतियोगिता | १ से ५ | १) हिंदी दिवस क्यों मनाया जाता है।<br>२) हिंदी का महत्व। |
| | | | ६ से १० | १) हिंदी भाषा का विकास कैसे हो।<br>२) हिंदी दिवस की सार्थकता।<br>३) हिंदी की सर्वश्रेष्ठ रचनाएं। |
| | | | ११ और १२ | १) हिंदी भाषा उद्भव और विकास।<br>२) हिंदी भाषा के समक्ष चुनौतियां।<br>३) विश्व में हिंदी भाषा की स्थिति। |
| २ | १२/०९/२०२६ | निबंध - लेखन प्रतियोगिता | १ से ५ | १) हिंदी भाषा का महत्व।<br>२) हिंदी मेरी पहचान। |
| | | | ६ से १० | १) कार्यालय में हिंदी को बढ़ावा।<br>२) भारत में हिंदी की उपेक्षा। |
| | | | ११ और १२ | १) हिंदी साहित्य का इतिहास।<br>२) हिंदी साहित्य और सिनेमा का संबंध। |
| ३ | १२/०९/२०२६ | वाद - विवाद प्रतियोगिता | १ से ५ | कविता पाठ हिंदी कविताएँ। |
| | | | ६ से १० | १) हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा मिलना चाहिए।<br>२) हिंदी राष्ट्र निर्माण में सहायक है।<br>३) हिंदी एक विश्वभाषा। |
| | | | ११ और १२ | १) हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा मिलना चाहिए।<br>२) हिंदी राष्ट्र निर्माण में सहायक है।<br>३) हिंदी एक विश्वभाषा। |
| ४ | १२/०९/२०२६ | लघु - नाटक, पुरस्कार वितरण एवं मुख्याध्यापक - संबोधन | ८ | हिंदी दिवस नाट्य मंचन |

निर्देश :-

१) प्रत्येक प्रतियोगिता कक्षा शिक्षक की देख - रेख में आयोजित की जाएगी।

२) पहली से बारहवीं प्रत्येक कक्षा से एक - एक विद्यार्थी को भाषण प्रतियोगिता में भाग लेना है। (भाषण समयावधि ३ से ५ मिनट होगी, भाषण हिंदी भाषा में ही अनिवार्य है।) कक्षा - शिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों का चुनाव किया जाएगा।

३) कविता लेखन में पहली से बारहवीं तक के इच्छुक छात्र दिए गए निबंध शीर्षक पर निबंध लेखन तैयार करेंगे।

४) कक्षा आठवी के छात्रों द्वारा लघु नाटिका आयोजित की जाएगी। लघु नाटक की समयावधि ४० मिनट होगी।

५) निबंध, कविता पाठ, वाद - विवाद प्रतियोगिता व लघु - नाटक के लिए इच्छुक छात्र अपने कक्षा शिक्षक को नाम देंगे। नाम देने की आखरी तारीख ०८/०९/२०२६ है।

६) कक्षा शिक्षक अपने छात्रों के नाम ०९/०९/२०२६ तक हिंदी शिक्षिका के पास जमा करेंगे।

७) प्रतियोगिता परिणाम दिनांक २२/०९/२०२६ को घोषित किया जाएगा। प्रत्येक प्रतियोगिता विभाग से एक विजेता घोषित किए जाएंगे और अन्य प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण - पत्र दिया जाएगा।

८) विजेता प्रतिभागी छात्रों के वीडियो और फ़ोटो विद्यालय के सोशल मिडिया मंच पर डाला जाएगा।

९) आयोजन में कक्षा पहली से बारहवीं तक के कोई भी छात्र भाग ले सकते हैं।

१०) सभी प्रतिभागी छात्रों की उपस्थिति विद्यालय गणवेष में अनिवार्य है।

PRINCIPAL
IRIS INTERNATIONAL SCHOOL
Dhaniv Baug, Nalasopara East
Palghar - 401209